श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 129, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 15 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# किसान आंदोलन की आड़ में माहौल बिगाड़ने की साजिश, यूपी पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता



**किसान आंदोलन की आड़ में कुछ शरारतीतत्व उत्तर प्रदेश में शांति-व्यवस्था बिगाड़ने की साजिश भी रच रहे हैं। इसे लेकर यूपी पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। खास तौर पर किसानों के बीच जाकर गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।**

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** किसान आंदोलन की आड़ में कुछ शरारतीतत्व उत्तर प्रदेश में शांति-व्यवस्था बिगाड़ने की साजिश भी रच रहे हैं। इसे लेकर यूपी पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। खास तौर पर किसानों के बीच जाकर गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सभी जगह किसानों के प्रदर्शनों की वीडियोग्राफी कराई जा रही है, ताकि किसी प्रदर्शन में शामिल शरारती व उपद्रवी तत्वों की पहचान कराकर कार्रवाई की जा सके। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि किसानों की सभी समस्याओं को सुना जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी किसानों से लगातार वार्ता भी कर रहे हैं। सोमवार को भी किसान आंदोलन को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए सूबे में पूरी सतर्कता बरती गई। संवेदनशील व सीमावर्ती जिलों में 140 कंपनी पीएसी भी मुस्तैद रही। कहीं किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए थाना स्तर पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी कराई गई है। ताकि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे किसान संबंधित क्षेत्र के थाने में अपना ज्ञापन दे सकें, जिसे शासन तक पहुंचाने के पूरे बंदोबस्त किए गए हैं।

उपद्रवी तत्वों की पहचान कराकर होगी कार्रवाई : एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि कुछ शरारती तत्व किसान आंदोलन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें नागरिकता संशोधन कानून को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों में शामिल रहे कुछ उपद्रवी तत्व भी हैं। सभी जगह किसानों के प्रदर्शनों की वीडियोग्राफी कराई जा रही है, ताकि किसी प्रदर्शन में शामिल शरारती व उपद्रवी तत्वों की पहचान कराकर कार्रवाई की जा सके। ऐसे सभी तत्वों पर पुलिस व खुफिया तंत्र की पैनी नजर है।

वरिष्ठ अधिकारियों ने नौ जिलों में संभाला मोर्चा : किसान आंदोलन व प्रदेश के टोल प्लाजा को अवरुद्ध करने की घोषणाओं के चलते डीजीपी मुख्यालय ने 13 व 14 दिसंबर को सभी स्थानों पर सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े निर्देश दिए थे। नौ जिलों में रेंज के आइजी व डीआइजी को कैंप करने व सुरक्षा-व्यवस्था की कमान संभालने का आदेश गया था। सोमवार को कन्नौज, पीलीभीत, बिजनौर, गाजियाबाद, फीरोजाबाद, एटा, फतेहपुर, चंदौली व लखीमपुर खीरी में रेंज के आइजी/डीआइजी मुस्तैद रहे और मोर्चा संभाला।

## सरदार पटेल की 70वीं पुण्यतिथि आज, पीएम मोदी ने किया नमन

**आज देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 70वीं पुण्यतिथि है। भारत रत्न सरदार पटेल ने 15 दिसंबर सन 1950 को अंतिम सांसें ली थीं। उनकी पुण्यतिथि पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने उन्हें याद किया।**




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 70वीं पुण्यतिथि है। भारत रत्न से सम्मानित सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 15 दिसंबर सन 1950 को अंतिम सांस ली थी। देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद में नर्मदा नदी के पास उनकी विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। इसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम से जाना जाता है। ऐसा दावा है कि यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। पूरे देश में एकता का प्रतीक बने सरदार को उनकी पुण्यतिथि पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा- सशक्त, सुदृढ़ और समृद्ध भारत की नींव रखने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। उनके दिखाए मार्ग हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सदा प्रेरित करते रहेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया है। अमित शाह ने एक ट्वीट में लिखा- सरदार पटेल जी का जीवन और व्यक्तित्व इतना विराट है, जिसे शब्दों में पिरो पाना संभव नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि सरदार साहब भारत की एकता और शक्ति के प्रतीक हैं, उन्होंने जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान कर एक अखंड भारत को आकार दिया। उनका दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र समर्पण सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।

असम के शिक्षा मंत्री हेमंत विस्वा शर्मा ने भी सरदार पटेल को उनकी जयंती पर याद किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा- वह एक नेता और एक दूरदर्शी समानता थी। उन्होंने एक जीवंत और एकजुट भारत बनाने के लिए अपनी ताकत उधार दी। हम हमेशा उनके योगदान के लिए सरदार पटेल के ऋणी रहेंगे। भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन।

## राजनाथ सिंह बोले, पूर्वी लद्दाख में भारतीय सैनिकों ने चीन को किया पीछे हटने पर मजबूर



**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर लंबे समय से जारी सैन्य तनातनी के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन की आक्रामकता को जिम्मेदार ठहराते हुए साफ कहा कि भारतीय सैनिकों के पराक्रम और साहस ने चीनी सेना को पीछे हटने पर विवश कर दिया। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अब भी बड़ी संख्या में सैनिकों का जमावड़ा होने की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि बिना किसी उकसावे के ऐसी आक्रामकता इस बात का सुबूत है कि बदल रही दुनिया में मौजूदा समझौतों को चुनौती दी जा रही है। रक्षा मंत्री ने उद्योग संगठन फिक्की के 93वें वार्षिक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान पूर्वी लद्दाख में करीब आठ महीने से जारी सैन्य तनाव का उल्लेख करते हुए यह बात कही। राजनाथ ने कहा कि हिमालय की हमारी सीमाओं पर बिना किसी उकसावे के दिखाई गई सैन्य आक्रामकता बता रही है कि किस तरह पुरानी संधियों की अनदेखी कर इन्हें चुनौती दी जा रही है। हिंद-प्रशांत के समुद्री इलाके में दिखाई जा रही आक्रामकता को लेकर भी राजनाथ ने बीजिंग को कठघरे में खड़ा किया। कहा कि केवल हिमालय क्षेत्र में ही नहीं बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी आक्रामकता दिखाई जा रही है। गलवन घाटी से लेकर पूर्वी लद्दाख के अग्रिम मोर्चो पर भारतीय सैनिकों की बहादुरी का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे सैन्य बलों ने चीनी सेना का जिस पराक्रम के साथ सामना कर उन्हें पीछे हटने पर बाध्य किया उस पर देश को अभिमान है। हमारी आने वाली पीढ़ियां भी सैनिकों के इस पराक्रम पर गर्व करेंगी। खास यह भी है कि भारतीय सैनिकों ने सीमा की चुनौतियों का सामना करने के दौरान अनुकरणीय साहस के साथ प्रशंसनीय धैर्य भी दिखाया है।

सीमा पार आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान को आतंकवाद का सरगना करार देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने इस अभिशाप का अकेले मुकाबला किया और तब कोई हमारा समर्थन नहीं करता था। लेकिन आखिरकार दुनिया ने यह माना कि भारत का यह कहना बिल्कुल सही है कि पाकिस्तान ही आतंकवाद का सरपरस्त है। रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विदेशी निवेश की सीमा 74 फीसद तक किए जाने को अहम करार देते हुए राजनाथ ने कहा कि इससे घरेलू कंपनियों को नई प्रौद्योगिकी और विश्व में उपलब्ध बेहतर विकल्पों के जरिये रक्षा क्षेत्र में विकास का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि 101 वस्तुओं को निगेटिव लिस्ट से हटा दिया गया है।

## 10 किसान संगठनों ने कृषि मंत्री से मुलाकात कर तीनों कानून को दिया समर्थन



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** कृषि सुधार कानूनों की वापसी और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के कुछ किसान संगठनों के विरोध के बीच विभिन्न राज्यों के कुल 10 किसान संगठनों के नेताओं ने सोमवार को कृषि मंत्री नरेंद्र सिंहिं तोमर से मुलाकात कर उन्हें इन कानूनों के समर्थन में पत्र सौंपा। हरियाणा के 40 विधायकों और सांसदों ने भी तोमर से मिलकर राज्य के किसानों और जनता की ओर से समर्थन दिया। उन्होंने कानून के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा भी की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन कानूनों को किसी भी हाल में वापस नहीं किया जाना चाहिए। कृषि मंत्री तोमर ने बताया कि आल इंडिया किसान कोआर्डिनेशन कमेटी से संबद्ध उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और हरियाणा समेत कई और राज्यों के किसान संगठनों ने कृषि सुधार कानूनों पर विस्तार से अपनी बात रखी। तोमर ने कहा सरकार के प्रस्ताव पर किसान यूनियनें अपनी राय दें तब बैठक होगी। हरियाणा का सांसदों में केंद्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री रतन लाल कटारिया, धर्मवीर, नायब च्सह व डीपी वत्स के साथ राज्य के भाजपा विधायकों ने कृषि भवन में कृषि मंत्री से मुलाकात की। दिल्ली बार्डर पर पिछले 19 दिनों से मोर्चा लगाए पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ किसान संगठनों के खिलाफ इन नेताओं ने सरकार की पहल का समर्थन किया है। जेजेपी नेता और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को कृषि मंत्री तोमर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रक्षा मंत्री राजनाथ च्सह से मुलाकात कर इस गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में चर्चा की थी।

कृषि मंत्री से मुलाकात में किसानों ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इससे किसानों के भाग्य पलट जाएंगे। इस मौके पर तोमर ने कहा, 'सरकार की नीति और नीयत दोनों में सिर्फ और सिर्फ किसानों का हित है।' उन्होंने इन किसान संगठनों का आभार जताते हुए कहा कि अगर किसान किसी मुद्दे पर भ्रम के शिकार हो गए हैं तो हमारा दायित्व उनकी शंका निवारण करने का है। लंबे समय से इस तरह के सुधारों की मांग हो रही थी, जिसे हमारी सरकार ने पूरा किया है। किसानों के लिए एक देश एक बाजार की परिकल्पना को जमीन पर उतारा है। एक सवाल के जवाब में तोमर ने कहा, 'आंदोलन कर रहे किसान संगठनों को सरकार ने जो प्रस्ताव दिए हैं, उस पर उनका मत प्राप्त होने के बाद अगली बैठक होगी। सरकार हर समय उनसे वार्ता करने को तैयार है। उन लोगों का कार्यक्रम चल रहा है। हम इंतजार कर रहे हैं। उनकी ओर से कुछ पहल होगी तो देखा जाएगा।' तोमर ने जोर देकर कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने, बोआई से पहले उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की गारंटी, किसान जहां चाहे अपनी मरजी से उपज को अपने निर्धारित मूल्यों पर बेच सके, उपज की ढुलाई का खर्च बच सके, इस तरह के किसान हित में प्रावधान किए गए हैं।

अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति देश के अलग-अलग राज्यों के किसान संगठनों का प्रतिनिधि मंच हैं। स्व. शरद जोशी ने इसकी स्थापना की थी जो कृषि क्षेत्र में सुधार के प्रबल समर्थक नेता रहे हैं। महाराष्ट्र के किसान नेता गुणवंत पाटिल व तमिलनाडु के मणिकंदम ने संयुक्त रूप से कहा कि आजादी के बाद किसानों का शोषण होता रहा है। किसानों को खुले बाजार में अपनी उपज बेचने की आजादी नहीं होने से अब तक वे अपनी उपज के मनमाफिक व लाभकारी दाम नहीं ले पाते थे। सरकार के इन सुधारों से किसानों को अब जाकर स्वतंत्रता मिली है।

## सुप्रीम कोर्ट में कामरा के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई 17 को

**यह याचिका कानून के छात्र श्रीरंग काटनेश्वरकर नितिका धवन और वकील अमेय अभय सिरसिकर अभिषेक शरण रास्कर और सत्येंद्र विनायक मुले ने दायर की है। कामेडियन कुनाल कामरा के खिलाफ अपने ट्वीट के माध्यम से कोर्ट पर व्यंग्य कसने का मामला।**



**नई दिल्ली, आइएएनएस।** सुप्रीम कोर्ट वकीलों और कानून के छात्रों द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार को सुनवाई कर सकता है। इस याचिका में कामेडियन कुनाल कामरा के खिलाफ अपने ट्वीट के माध्यम से कोर्ट पर व्यंग्य कसने को लेकर आपराधिक अवमानना की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल द्वारा कामरा के खिलाफ अवमानना शुरू करने की सहमति देने के बाद यह याचिका दायर की गई है। मामले का ब्योरा शीर्ष कोर्ट की वेबसाइट पर जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जस्टिस अशोक भूषण की अगुआई वाली पीठ वीडियो कांफ्रेंसिंग से याचिका की सुनवाई कर सकती है। इस पीठ में जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी और जस्टिस एमआर शाह भी शामिल होंगे। अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने वकील अनुज सिंह को कामेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ आपराधिक मानहानि की प्रक्रिया शुरू करने की पिछले महीने सहमति दी थी। कामेडियन ने प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट किया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकील अनुज सिंह ने 19 नवंबर को अटार्नी जनरल से सहमति देने का आग्रह किया था। उन्होंने कामरा के खिलाफ उसके ट्वीट के लिए न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 15 के तहत कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति मांगी थी। मालूम हो कि कामरा ने बीते 11 नवंबर को पत्रकार अर्णव गोस्वामी को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद एक के बाद एक कई ट्वीट किये थे। इन ट्वीट्स में सुप्रीम कोर्ट और न्यायमूर्तियों के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की गई थी।

## बर्फबारी और बारिश से उत्तर भारत में बढ़ी ठंड, अगले 2 दिन में और गिरेगा पारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों के तापमान में गिरावट आई है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिन में अधिक ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तरी क्षेत्र के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। जबकि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने से तापमान गिरा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में मध्य एवं पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज हो सकती है क्योंकि बर्फीली पश्चिमी हिमालय से मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट की संभावना है।

दिल्ली में ठंडी हवाओं के साथ ही सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं तेज हवाओं की वजह से वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ और यह मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह दिल्ली में वायु गुणवत्ता सचूकांक (एक्यूआई) 169 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि आज अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।

कश्मीर और लद्दाख में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया। लद्दाख के लेह में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 13.2 और कारगिल में शून्य से 11.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कटरा में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री, बटोत में 0.2 डिग्री , बनिहाल में शून्य से 1 डिग्री सेल्सियस नीचे और भदरवाह में शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर और लद्दाख में रात का तापमान सोमवार को हिमांक से नीचे चला गया जबकि जम्मू-कश्मीर के जम्मू शहर में घने कोहरे के कारण हवाई और जमीनी यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में 21 दिसंबर तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की बात कही है और इसने दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है। वहीं निचले इलाकों में कोहरे की मोटी चादर ने जम्मू शहर में हवाई और जमीनी यातायात को बाधित कर दिया, जहां तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4, पहलगाम में शून्य से 6.7 और गुलमर्ग में शून्य से 9.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

राजस्थान में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है. रविवार रात माउंट आबू में पारा जमाव बिंदु से नीचे चला गया। वहीं, राज्य के कई इलाकों में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के एक मात्र पहाड़ी पर्यटन स्थल माउंट आबू में रविवार रात न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम राजस्थान के बीकोनर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, झुंझुनू और सीकर जिलों में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजस्थान के अधिकतर जगहों पर रविवार को अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को राज्य के उत्तर पश्चिम इलाकों गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू और आसपास के जिलों में घना कोहरा छाया रहा। चूरू में सबसे कम दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गई, वहीं गंगानगर में दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। सोमवार को भी राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में कोहरा देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान मुंबई, ठाणे, रायगढ़, वसई-विरार, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों और पश्चिमी तट के कुछ हिस्सों में बारिश होने की उम्मीद है। शाम तक बारिश की तीव्रता कम हो जाएगी लेकिन बादल छाए रहेंगे और कम विजिबिलिटी जारी रहेगी। महाराष्ट्र में मुंबई के कुछ हिस्सों में बारिश हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि मुंबई में अगले 3-4 घंटों तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि कोंकण गोवा और मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, तटीय कर्नाटक, केरल और अरुणाचल प्रदेश में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। देश के बाकी सभी भागों में मौसम शुष्क और साफ बना रहेगा।

## कोरोना वैक्सीन के लिए पहले कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना महामारी से निपटने के लिए दुनियाभर में टीके बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। भारत में भी कम से कम आठ टीकों पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि इनमें से तीन से चार टीके जल्द उपलब्ध होंगे। इसको देखते हुए सरकार ने राज्यों के लिए टीकाकरण अभियान को लेकर दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें बताया गया है कि किसको और कैसे वैक्सीन दी जाएगी। टीकाकरण के लिए बनाए गए हर केंद्र पर रोज एक सत्र में 100-200 लोगों को टीके लगाए जाएंगे और 30 मिनट तक उन्हें निगरानी में भी रखा जाएगा।

दिशानिर्देशों के मुताबिक सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर 30 करोड़ लोगों को टीका लगाने की तैयारी है। इनमें कोरोना मरीजों के इलाज और देखभाल से जुड़े डॉक्टर, नर्स, पुलिसकर्मी, सफाई कर्मचारी और अन्य फ्रंटलाइन वर्कर्स, 50 साल और उससे अधिक उम्र के लोग शामिल हैं। इसके अलावा इस समूह में 50 साल से कम उम्र के ऐसे लोगों को भी रखा गया है, जो पहले से किसी न किसी गंभीर रोग से ग्रस्त हैं। टीका उपलब्ध होने पर बाकी लोगों को टीका लगाया जाएगा। हर सत्र में रोज सिर्फ 100 लोगों को ही वैक्सीन टीकाकरण के हर सत्र में रोज सिर्फ 100 लोगों को ही वैक्सीन लगाई जाएगी। ये लोग पहले से ही रजिस्टर्ड होंगे। मौके पर रजिस्ट्रेशन कराने की कोई व्यवस्था नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पेंशन के दस्तावेज समेत 12 दस्तावेजों में से कोई एक जरूरी होगा। जिस केंद्र पर लोगों के प्रतीक्षा और टीका लगाने के बाद उन पर निगरानी रखने के लिए अतिरिक्त स्थान की व्यवस्था होगी, वहां एक और टीम लगाकर रोज 200 लोगों को टीका लगाया जा सकता है।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### शुआट्स प्रकरण के दोनों मामलों की एसआईटी करेगी जांच

**प्रयागराज।** एक्सिस बैंक में 22 करोड़ रुपया गबन करने और कैंट थाने में दर्ज शुआट्स के पदाधिकारियों पर फजीर्वाड़ा करने के मामले की जांच एसआईटी ने शुरू कर दी है। पहले दोनों मुकदमों की जांच प्रयागराज पुलिस ने की थी लेकिन बाद में इसे सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया था। सीबीआई ने आख्या लेने के बाद भी दोनों मुकदमों की तफ्तीश नहीं की। अब लखनऊ की एसआईटी जांच कर रही है। जांच में कुछ नया खुलासा हो सकता है। एक्सिस बैंक में 22 करोड़ 37 लाख गबन का मामला सामने आया था। मार्च 2017 में एक्सिस बैंक के तत्कालीन मैनेजर ने सिविल लाइंस थाने में बैंक के पूर्व प्रबंधक कमाल एहसान व शुआट्स के तत्कालीन एकाउंटेंट राजेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हाईकोर्ट के आदेश पर तत्कालीन एसपी क्राइम बृजेश मिश्रा व सीओ आलोक मिश्रा की एसआइटी गठित की गई थी। पुलिस ने इस मामले में शुआट्स के कुलपति और बैंक के कर्मचारी समेत एक दर्जन से अधिक के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## तेज रफ्तार टवेरा हुई दुर्घटनाग्रस्त दो की मौत, दो की हालत गंभीर

### लखनऊ नेशनल हाईवे समहाई गांव के पास हुआ हादसा

**नवाबगंज।** सोमवार की भोर में लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार टवेरा की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई इससे उस पर सवार चार लोगों में एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ने रास्ते में दम तोड़ दियो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सभी लोगों को सदर के अस्पताल भेज दिया। जबकि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियो दुर्घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के सम्हई गांव की है

रविवार की देर रात लखनऊ से न्यूज पेपर लेकर एक टवेरा प्रयागराज के लिए निकली थी जिस पर 4 लोग सवार थे सोमवार की सुबह करीब 4: 30 बजे टवेरा जीप अभी नवाबगंज थाना क्षेत्र के सम्हाई गांव के सामने पहुंची थी की तेज रफ्तार टवेरा कि किसी अज्ञात वाहन से भिड़ंत हो गई इससे उस पर सवार चार लोग मलबे में फंस गएे सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मलबे से बाहर निकाला।जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे मृतक की पहचान रायबरेली जनपद के थाना बछरावां के गांव कसरावां निवासी मान बहादुर सिंह 52 वर्ष पुत्र ब्रह्म दत्त के रूप में हुई बताया जाता है कि वह प्रयागराज स्थित एमडीआई नेत्र चिकित्सालय में डॉक्टर थे। वही गंभीर रूप से घायल अस्पताल में दम तोड़ने वाले की पहचान राम विजय सिंह 51 वर्ष पुत्र स्वर्गीय उदयभान सिंह निवासी विराम खंड गोमती नगर लखनऊ हये वह एनसीसी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं मृत एनसीसी कर्मचारी की पत्नी गीता सिंह भी उनके साथ थी, जो हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें लखनऊ ले जाकर अस्पताल में दाखिल कराया ` जबकि टवेरा चालक अजय सिंह भी इस हादसे में घायल हो गयो नवाबगंज पुलिस ने टवेरा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है जबकि मृत दो लोगों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### उतरांव में छात्रा का अपहरण मुकदमा दर्ज

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में 9वी की छात्रा का एक युवक ने अपहरण कर लिया तो परिजनों की तहरीर पर उतराव पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवक को हिरासत में लेकर छात्रा को भी बरामद किया। उतराव थाना क्षेत्र के एक गांव की नौवीं की छात्रा का अपहरण मोतिहा गांव का एक युवक जीसान व एक अन्य द्वारा किया गया।परिजनों ने युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी तो पुलिस ने अपहरण मारपीट पास्को धारा समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बहुत ही जल्द आरोपी युवक को यासीन पुर से हिरासत में ले लिया। वही नाबालिग छात्रा को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## प्रसव पीड़ित महिला की गलत इलाज से मौत

### पीड़ित परिजनों ने दी डाक्टर के खिलाफ तहरीर


मृतका के शव के पास रोते बिलखते परिजन

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बरेठी गांव निवासी एक महिला के निजी अस्पताल में प्रसव पीड़ा के दौरान मौत हो जाने से परिजनों ने महिला डॉ पर लापरवाही का आरोप लगाया। पीड़ित ने इंस्पेक्टर फूलपुर को डॉक्टर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बरेठी गांव निवासी त्रिपुरारी लाल जिनकी पत्नी ममता गुप्ता गर्भवती थी 20 नवंबर को पेट में दर्द उठने पर पति ने फूलपुर थाना अंतर्गत बाबूगंज स्थित ओमकार हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां महिला डॉक्टर ने इलाज शुरू किया।डॉक्टर के कहने पर पीड़ित लगभग अधिक पैसे भी ऐठे।और पैसे के चक्कर में डॉक्टर ने पैसे के लिए रखा जब मामला गंभीर होने पर मरीज को रेफर करने की बात कही। जहां पीड़ित ने आनन-फानन में अपनी पत्नी को इलाज के लिए लेकर भागा तो रास्ते में पीड़ित की पत्नी की मौत हो गई। वही पीड़ित ने डॉक्टर से इस संबंध में बात किया तो उल्टा डॉक्टर ने धमकी दे डाली। पीड़ित पति ने फूलपुर थाने में महिला डॉक्टर के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। फिलहाल मामले की जांच पुलिस गंभीरता से कर रही है।

## किसान नेताओं की रिहाई के लिए तीन घंटे घूरपुर बीकर मार्ग जाम, रिहाई पर हटे

### एडीएम प्रशासन, एसपी यमुनापार रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस बल के साथ डटे रहे



गिरफ्तार किसान नेताओ की रिहाई के लिए जूलूस निकालते आक्रोशित किसान व मजदूर तथा जूलूस में शामिल महिलाओं को समझाने का प्रयास करती पुलिस

**घूरपुर।** गिरफ्तार किसान नेताओ की रिहाई के लिए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के किसानों मजदूरों ने सोमवार के दिन जमकर हंगामा कर प्रशासन को दिन भर परेशान कर रखा तीन घंटे घूरपुर बीकर मार्ग को जाम करने के बाद भारी भीड़ देख प्रशासन बैक फुट पर आईं और गिरफ्तार नेताओ को रिहा कर अपने वाहन से किसानों को सौंपी तब जाकर किसान माने और जाम खत्म कर वापस हुए तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

सोमवार के दिन धरना की तैयारी कर रहे दो किसान नेताओ की गिरफ्तारी से आक्रोशित अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले भारी संख्या में किसानों ने मंगलवार के दिन गिरफ्तार किसान नेताओ की रिहाई के लिए बीकर गाव में सभा कर जुलूस निकालते खिलाफ में नारेबाजी करते हुए घूरपुर की तरफ आगे बढ़े की पुलिस रोकना चाहा लेकिन रोक नहीं सकी जुलूस आगे दलावाबारी गाव के पास पहुंच हाईवे की तरफ रुख किया तो एडीएम प्रशाशन विजय शंकर द्विवेदी, एसपी यमुनापार शौरभ दीक्षित ,सीओ करछना सौमेन्द्र मीना ,एसडीएम बारा सुभाष चंद्र यादव रैपिड एक्शन फोर्स व कई थानों की फोर्स के साथ पहुंच आगे बढ़ने से रोक दिया तो आक्रोशित किसान व मजदूर नारेबाजी करते घूरपुर बीकर मार्ग पर बैठ सड़क जाम कर दिए घंटो प्रशासन मानमनौवल कर हटाने की कोशिश करती रही लेकिन आक्रोशित किसान गिरफ्तार नेताओ की तत्काल रिहाई पर अडे रहे। तीन घंटे बाद दोनों किसान नेताओ नौजवान भारत सभा के संयोजक भीम लाल व अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के राम कैलाश कुशवाहा को अद्योगिक थाना क्षेत्र से व लालापुर थाना से किसान नेता बोडा व रामू निषाद को रिहा कर पुलिस अपनी जीप से लाकर जाम किए किसानों को सौंपी तब जाकर आक्रोशित किसान जाम हटा वापस हुए। तथा किसान नेताओ ने प्रशासन को चेतावनी दी की यदि आंदोलन में शामिल किसान नेताओ व किसानों के खिलाफ प्रशासन ने किसी भी प्रकार का मुकदमा दर्ज किया तो खिलाफ में बड़े आंदोलन कर हाईवे जाम किया जायेगा।

### आक्रोशित किसानों की भारी भीड़ देख सकते में आई पुलिस प्रशासन

किसान नेताओ की रिहाई के विरोध में निकाले गए जुलूस में आक्रोशित किसानों की भारी संख्या में भीड़ को देख पुलिस प्रशासन सकते में आ गई । पुलिस ने इस बीच कई बार लाठी व आंसू गैस चलाने के लिए तैयार हुई लेकिन बढ़ती भीड़ को देख सहम जाती। जैसे जैसे पुलिस की संख्या बढ़ती वैसे वैसे किसान ट्रैक्टर पर सवार होकर और पैदल झुंड में नारेबाजी करते बढ़ते जाते थे। आखिरकार प्रशासन को गिरफ्तार नेताओ को छोड़ना ही पड़ा।

### महिला किसानों ने संभाला मोर्चा

जुलूस व सड़क जाम में महिला किसानों की संख्या पुरुषों की अपेक्षा सबसे अधिक थी। महिला किसानों का आक्रोश जबरदस्त था पुलिस से नोकझोक झड़पे महिलाएं तब तक करती रही जब तक गिरफ्तार नेता को रिहा कर लाकर सौपा नहीं गया।

### कई वर्ष बाद जुलूस में दिखे किसानों के पारम्परिक शस्त्र

अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के लोगो के हाथो में कई वर्ष बाद सोमवार की जुलूस में पारंपरिक शस्त्र दिखे । विरोध जुलूस में शामिल महिलाओं पुरुषों युवकों के हर हाथो में उनके पारम्परिक शस्त्र लाठी, बल्लम, हसिया, कुल्हाड़ी दिखी। लगभग चार वर्ष से बगैर पारम्परिक शस्त्र लिए आंदोलन करते रहे है। इससे स्पस्ट है कि किसान नेताओ की गिरफ्तारी से किसान मजदूर खासे नाराज थे। इनका आक्रोश इस कदर था कि प्रशासन का हर तरह की मुहतोड़ जवाब देने की तैयारी करके जुलूस निकाला गया था। किसान प्रशासन को मुहतोड़ जवाब देने के लिए उग्र दिखे जिनकी मंशा भाप प्रशासन ने भी सूझ बुझ के साथ काम लिया और गिरफ्तार नेताओ को छोड़न ही बेहतर समझा।

### दो दिन में चार नेताओ को इस तरह किया गिरफ्तार

रविवार के दिन जसरा नवीन मंडी में धरना की तैयारी करते समय पुलिस किसान नेता भीम लाल व राम कैलाश कुशवाहा को गिरफ्तार कर अद्योगिक थाना क्षेत्र उठा ले गई। वहीं लालापुर के सेमरी गाव निवासी किसान नेता बोडा को रविवार की रात व अमिलिया गाव से किसान नेता रामू निषाद को सोमवार की सुबह घर से लालापुर पुलिस गिरफ्तार कर थाने उठा ले गई। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने दो दिवसीय रविवार सोमवार को कृषि के तीनों कानूनों के खिलाफ धरना प्रदर्शन की घोषणा की थी जिसे रोकने के लिए पुलिस ने किसान नेताओ की गिरफ्तारी की थी जिससे प्रशासन को और जहमत उठानी पड़ी।

## अपनी मांगों को लेकर थाने पहुंचे लालसलाम कार्यकर्ता


लाल सलाम के कार्यकर्ताओं को समझाती पुलिस


सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी यमुनापार

### मौके पर पहुंचे एसपी यमुनापार ने समझा कर भेजा वापस

**लालापुर।** सोमवार को किसानों के समर्थन व अपनी माँगों को लेकर सैंकड़ों की संख्या में लाल सलाम के कार्यकर्ता लालापुर थाने पहुंच गए।सैंकड़ों की संख्या देख थानाध्यक्ष लालापुर ने अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया कुछ ही देर में एसपी यमुनापार क्षेत्राधिकारी बारा,शंकरगढ़ थाने की फोर्स के साथ पहुंच गए और समझा बुझाकर लोगों को वापस घर भेज दिया।लाल सलाम कार्यकर्ता अपनी माँगो व अमिलिया तरहार निवासी अपनी साथी कामरेड रामू निषाद को छुड़ाने के लिए सोमवार को लालापुर थाने पहुंच गए। लाल सलाम कार्यकताओं की मांग थी की उनके साथी रामू निषाद को नजर बंद किया गया है उनको तत्काल रिहा किया जाय साथ ही बालू खनन नाव व बोट से निकालने की अनुमति प्रदान की जाए जिससे खनन से जुड़े मजदूरों की रोजी रोटी चल सके।थानाध्यक्ष लालापुर अमित राय ने आश्वासन दिया की आपके नेता को छोड़ दिया जाएगा तब जाकर मजदूर शांत हुए।मौके पर पहुंचे एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व क्षेत्राधिकारी ने शिकायत सुनकर सभी को समझाकर बुझाकर वापस घर भेज दिया।

## निर्माणाधीन स्टेट हाइवे के0डी0 मार्ग अधर में, कार्य ठप

### मजदूर,ठीकेदार,मुंशी,मशीनरी नदारद, जो जितना बनी थी वह भी हो रही मार्ग नष्ट

### मटेरियल ब्यवस्था नहीं कर पा रही निर्माण कार्य दाई संस्था, धूल से संक्रमण, नष्ट रोड से वाहनों की हो रही खराबी


केडी मुख्य स्टेट हाइवे मार्ग अब्यवस्था का शिकार दृश्य

**कोरांव।** कोरांव देवघाट मुख्य मार्ग स्टेट हाइवे दो साल से चौड़ीकरण में है और अभी तक निर्मित नही हो पा रही। जिससे आवागमन बाधित तथा लोगों को धूल से संक्रमण का शिकार होना पड़ रहा है। साथ ही वाहन के टायर पुर्जे खराब होते जा रहे और मार्ग दुर्घटनाएं भी हो रही जिससे जनता में आक्रोश देखा जा रहा है।

बतादें की उक्त मुख्य मार्ग कोराव से महुली रंगनाथ संसारपुर चौराहा तक चौड़ी करण हो रही है,लेकिन निर्माण कार्य दाई संस्था कॉन्ट्रेक्टर निर्माण कार्य मे प्रयोग होने वाले सामग्री ही नहीं परचेजिंग कर पा रहा। और जो निर्माण कार्य भी हो रहा वह घटिया किस्म का हो रहा। लोग धूल भरी जिंदगी गुजारने को बिवस हैं। कई बार शिकायत विभागीय व शासन स्तर पर की गई किन्तु कोई अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। पता चला है कि निर्माण कार्य हेतु सामग्री ही नहीं खरीद पा रहा निर्माण कर्ता। यदि किसी और ठीकेदार को उक्त मार्ग सौप न दिया गया तो मार्ग का कार्य अधर में ही रह जायेगा। क्योंकि निर्माण कार्य में जितनी सामग्री की जरूरत होती है उतनी सामग्री नहीं खरीद पा रहा निर्माण एजेंसी। अन्यथा अब तक मार्ग का कारण गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न हो गया होता। इस बावत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हम लोग इस ठीकेदार से स्वयं परेशान हैं।

### क्या कह रहे लोग

अगर निर्माण कार्य दाई संस्था के बस के बाहर है तो विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि किसी दूसरे कॉन्ट्रैक्टर को निर्माण कार्य हेतु लगा दिया जाय, ताकि शीघ्र मार्ग का निर्माण कार्य सम्पन्न हो सके व आवागमन सुलभ हो जाये।

**-धर्मराज सत्यार्थी पूर्व प्रधान खजुरी**
**सोशल एक्टिविष्ट प्रतिनिधि मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट**
**कोरांव प्रयागराज**

मार्ग पर धूल उड़ने से लोगों में इन्फेक्शन की बीमारी फैलने लगी है। और आये दिन मार्ग पर कुछ न कुछ दुर्घटनाएं बाइक सवारों के साथ घटती रहती है। वाहनों के पुर्जे भी खराब होते जा रहे हैं। एक तरफ मार्ग पर सामग्री डाली जाती है दूसरी तरफ अगली सामग्री की कमी के कारण मार्ग उखड़ती जा रही है। जिससे ठीकेदार का ही नुकसान हो रहा है।

**-शहादत अली, अध्यक्ष सपा अल्पसंख्यक**
**विधानसभा कोराव प्रयागराज**

## किसान आंदोलन के समर्थन में निकले सपाइयों को कोरांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वाहन पर देश में चल रहे नए किसान बिल कानून के विरोध में प्रदेश भर के जिला कचहरी में आंदोलन को लेकर निकले कई सपाई कार्यकर्ता और नेताओं को सुबह से नजर कैद कर लिया गया। और और जिला कचहरी जा रहे कई कार्यकताओं को जबरन पुलिस ने कोरांव चौराहे से गिरफ्तार कर लिया जिन्हें बाद में कई घंटे हिरासत के बाद शाम 4:00 बजे के बाद बिना सर्त छोड़ दिया गया। सुबह 8:00 बजे से ही समाजवादी पार्टी के नि विधानसभा अध्यक्ष ललन सिंह पटेल को उनके आवास पर ही कोरांव पुलिस द्वारा नजर बंद कर दिया गया गिरफ्तारी देने वालों में मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल रामानुज यादव मेहताब खान शहादत अली राजेश पांडेय प्रमोद मिश्र पयासी नौसाद अंसारी गुलफाम खान लालजी पाल निराला हरिप्रसाद पाल इसी प्रकार से क्षेत्र से खीरी कोहराड मेजा आदि जगहों से निकले सपाइयों को इलाकाई पुलिस ने किसान आंदोलन के समर्थन में सपाइयों को किया गिरफ्तार।

गिरप्तारी के दौरान विधानसभा प्रभारी सोमदत्त सिंह पटेल ने सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए वर्तमान केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार किसान विरोधी व लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शहादत अली ने कहा कि वर्तमान सरकार को पूंजी पतियों की सरकार बताते हुए गरीबो मजलूमों अल्पसंख्यक समाज के लोगो के लिए दमनकारी बताया व उन्होंने पुलिस की बदसलूकी का जम कर विरोध किया।श्री अली यही नही रुके उन्होंने खाद पानी बिजली की मार झेल रहे किसानों के अनाज के गिरते दामों पर व काला बाजारी पर भी उंगली उठाई। वही पुलिस की तमाम घेरा बंदी के बावजूद भी किसान बिल के विरोध में समाजवादी पार्टी कई दर्जन कार्यकर्ता जिला कचहरी पर नियोजित आंदोलन में पहुँचने में सफल रहे।

### बच्चो की मानसिक व शैक्षिक प्रशिक्षण तीन चरणो में

**करछना।** ओलंपियाड 2021 के सुपर 51 की खोज के मद्देनजर बच्चों के मानसिक विकास एवं शैक्षिक स्तर के परीक्षण हेतु विज्ञान गणित और सामान्य ज्ञान की तीन ग्रुपों की प्रतियोगिता जनवरी माह में 3 चरणों में आयोजित की जा रही है । जिसमें प्रथम ए ग्रुप में जूनियर कक्षाओं के छात्र व छात्राएं व बी ग्रुप में हाई स्कूल के विद्यार्थी तथा सी ग्रुप में इंटर के बालक व बालिका लोग परीक्षा में शामिल होंगे। यह जानकारी मां शारदा कान्वेंट हाई स्कूल कुलमई के प्रबंधक त्रिवेणी प्रसाद मिश्र व प्रधानाचार्य इं पंकज त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि फार्म का वितरण शुरू हो गया है। इच्छुक छात्र व छात्राएं करछना कोहडार घाट मार्ग पर कुशगढ गांव स्थित आरबी सोनी गेस्ट हाउस के सेकंड फ्लोर से आशीष तिवारी से संपर्क करके फार्म ले सकते हैं।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### समाज विकास मंच की टीम ने बच्चों और टीचर को बाटा मास्क सेनिटाइजर और कापी

**बरौत।** समाज विकास मंच की टीम हर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ साथ उनके साथ खड़ी है टेला ग्राम सभा में बरौत चौकी इंचार्ज रजनीकांत जी ने बच्चो को कॉपियां बांटी, प्राथमिक विद्यालय टेला गाँव में मास्क व सेनेटाइजर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बरौत चौकी इंचार्ज रजनीकांत जी ग्रामीणों में मास्क व सेनेटाइजर वितरित कर कोरोनावायरस से बचाव को सदैव गंभीर रहने का शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान चौकी इंचार्ज ने कहा कि समाज विकासमंच के अध्यक्ष अभिषेक पांडेय द्वारा कराया जा रहा यह पुनीत कार्य काबिले तारिफ है। कोरोना वायरस से बचाव को मास्क व सेनेटाइजर कानियमित सेवन करना अत्यंत जरुरी है। ठंड में कोविड 19 का केस फिर बढ़ने लगा है। दिल्ली समेत कई अन्य राज्यों में कोरोना रौद्र रुप धारण करता जारहा है। ऐसे में कोविड से बचाव को शासन स्तर से जारी हर गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन करना अत्यंत जरुरी है। बच्चों व वृद्धों की सेहत के प्रति विशेष सावधान रहना होगा। बिना मास्क घर से बाहर कदापिन निकले। शादी समारोह में भी शामिल होते हैं।

## धरना देने पहुंचे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया





धरने पर बैठे सपाईयों को गिरफ्तार करती पुलिस व धरने पर बैठे सपाई

**प्रयागराज।** किसानों की मांगों के समर्थन में सोमवार को कलक्ट्रेट के बाहर धरना देने पहुंचे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेशचंद्र यादव और महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। प्रदर्शन को देखते हुए एहतियातन विश्वविद्यालय में प्रवेश रोक दिया गया। सपाइयों ने सुबह 11 बजे से कलक्ट्रेट के बाहर धरना देने की घोषणा की थी। सुबह से धरने के लिए कलक्ट्रेट के बाहर टेंपो-टैक्सी स्टैंड पर मंच बन रहा था। पार्टी के कार्यकर्ता धरनास्थल पर पहुंचने लगे। सुबह लगभग 9.45 बजे सपा के जिला व महानगर अध्यक्ष मंच के पास पहुंचे। कुछ मिनट में वहां फोर्स पहुंची और प्रस्तावित धरनास्थल को घेर लिया। पुलिस मंच हटाने लगी। इसके विरोध में पुलिस और सपाइयों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने झड़प के बीच मंच पर लग रहा पार्टी का झंडा-बैनर फाड़ दिया। हिरासत में लिए गए सपा के पूर्व पार्षद महावीर यादव ने बताया कि झड़प के दौरान पुलिस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेजनी लगी। सपाइयों को हिरासत में लेने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा।

किसानों के समर्थन में धरना देने की योजना बनाने वाले समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों को सोमवार सुबह से तलाश शुरू हो गई। पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि सुबह ही पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेशचंद्र यादव और महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन के घर पुलिस गई थी लेकिन दोनों नेता नहीं मिले। इसी प्रकार पार्टी के अन्य पदाधिकारियों घर भी अलग-अलग थानों की फोर्स पहुंची।

समाजवादी पार्टी ने किसानों के समर्थन में सोमवार को धरना देने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति मांगी थी। पार्टी प्रवक्ता दानबहादुर मधुर ने बताया कि प्रशासन ने पत्थर गिरजाघर के पास और कलक्ट्रेट में धरने की अनुमति नहीं दी।

### सिविल लाइंस में फर्जी फाइनेंस कंपनी का खुलासा, गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने रविवार रात एक फर्जी फाइनेंस कंपनी चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया। कंपनी से जुड़े लोगों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। आरोप था कि फजीर्वाड़ा करके उसने लोगों को नौकरी पर रखा और नियम के विपरीत फिक्स डिपॉजिट और लोन देने का झांसा दिया था। पुलिस का कहना है कि इस तरह बेरोजगारों को ठग रहा था। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर रविंदर सिंह ने बताया कि राजरूपपुर निवासी कीर्ति जायसवाल ने रविवार को फर्जी फाइनेंस कंपनी के नाम फजीर्वाड़ा करने की शिकायत की थी। पुलिस को जांच में पता चला कि कोरांव के रहने वाले हरीश चंद श्रीवास्तव उर्फ सौरभ ने सिविल लाइंस में साक्षी फाइनेंस के नाम से कार्यालय खोला था। इसमें उन्होंने सीआईएन नंबर अपनी पुरानी कंपनी का लगा दिया था। बैंक की गाइडलाइन के विपरीत वह लोगों को लोन देने के नाम पर प्रचार प्रसार कर रहा था। फाइनेंस कंपनी के नाम पर कई लोगों को नौकरी पर रखा था और सिक्योरिटी के नाम पर उनसे फिक्स डिपाजिट जमा करा रहा था। किसी कर्मचारी को वह तनख्वाह नहीं दे रहा था। पुलिस से जांच के बाद रविवार रात मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि इस प्रकरण में कई अन्य लोगों ने भी शिकायत की है।

## नाटकीय ढंग से पुलिस ने बोलेरो को किया बरामद

**नैनी।** बीते कुछ दिन पूर्व गायब बोलेरो वाहन को औघोगिक क्षेत्र पुलिस ने नाटकीय ढंग से यमुना नदी के समीप कछार से बरामद करते हुए साजिशकर्ता चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सोमवार को चालान कर दिए।

बता दें कि जिगना निवासी रिंकू वाहन चालक है और वह वहीं के रहने वाले कृष्ण कुमार की बोलेरो चलाता है। बीते कुछ दिन पूर्व वह जिगना से कुछ लोगों को बम्हरौली एयरपोर्ट छोड़ने आया था। रात्रि प्रहर में वह खाली वाहन लेकर जिगना की ओर जा रहा था। नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित पीडीए तिराहे के समीप पहुंचने पर दो महिलाएं और तीन युवक को बैठाने के साथ उन्हीं लोगो पर बोलेरो लूटने का आरोप लगा दिया था। चालक रिंकू चटकहाना व लवायन खुर्द गांव के आदिवासी बस्ती के समीप बेहोशी के हालत में पड़ा मिला था। चालक ने वाहन मालिक और पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई थी। साथ ही प्रयागराज-मिरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगालना था। सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने नाटकीय ढंग से मवईया गांव के समीप डीपीएस स्कूल के निकट कछार से बोलेरो वाहन को बरामद कर लिया। सूत्रों के मुताबिक जबकि उक्त वाहन को पुलिस ने कहीं और स्थान से बरामद की है । इस संबंध में औघोगिक क्षेत्र इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह का कहना है कि चालक ने ही वाहन को गायब कर लूट की कहानी गढ़ी थी और इससे पूर्व भी वह इस प्रकार की घटना को अंजाम दे चुका है।

### हिरासत में लिए गए आम आदमी पार्टी के नेता

**प्रयागराज।** कृषि कानून के खिलाफ और किसान आंदोलन के समर्थन में सोमवार को प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने पत्थरगिरजा के पास हिरासत में ले लिया। आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव शिमला श्री, अंजनी कुमार मिश्रा, जिला महासचिव सर्वेश यादव, महानगर अध्यक्ष ज्योति प्रकाश चौबे, जिला उपाध्यक्ष रामेंद्र पांडे, महिला जिला अध्यक्ष पूनम सिंह, संजीव मिश्रा, जिला यूथ अध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, जिला महिला ?उपाध्यक्ष सुनैना, संजय पांडेय प्रचंड, आरआर मिश्रा, रामलखन चौरसिया, हरेंद्र प्रताप सिंह, शुभम केसरवानी, मुकेश जायसवाल अन्नाजी, मोहम्मद अकबर आदि नेताओं ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक दोपहर 12.30 बजे पत्थर गिरजा के पास एकजुट हुए। किसान आंदोलन के समर्थन में नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की। पुलिस ने आप नेताओं को हिरासत में ले लिया।

## पूर्व सैन्य अफसर संगम से निकालेंगे 5100 किमी लंबी पदयात्रा

**प्रयागराज।** सेना के रिटायर अधिकारी प्रयागराज से गंगासागर, गोमुख और फिर प्रयागराज तक 5100 किमी की लंबी और दुर्गम पदयात्रा निकालेंगे। यह यात्रा 16 दिसंबर को संगम के उत्तरी छोर से शुरू होगी। यात्रा का शुभारम्भ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय जल मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केंद्रीय सांस्कृतिक और पर्यटन मंत्री पी. पटेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करेंगे। यात्रा 15 अगस्त 2021 के आसपास वापस संगम तट पर समाप्त होगी। सेना से सेवानिवृत्त लोगों ने गंगा को पुनर्जीवित करने के लिए अतुल्य गंगा नाम से संस्था बनाई है। यात्रा के सलाहकार अनिल सिन्हा ने बताया कि सेना से रिटायर छह जांबाज पैदल पूरी यात्रा निकालेंगे। ह्यसबका साथ हो, गंगा साफ उद्देश्य के साथ निकाली जा रही है यात्रा का मकसद लोगों में गंगा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। यात्रा के दौरान सेवानिवृत्त जवान स्कूल-कॉलेजों में जाकर और जनसभाओं के माध्यम से लोगों को गंगा के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। प्रयागराज, वाराणसी, छपरा, बेगुसराय, कटिहार, मालदा, मुर्शिदाबाद, नार्थ 24 परगना, कोलकाता के होते हुए 2 मार्च 2021 को गंगासागर पहुंचने की योजना है। वहां से दक्षिण 24 परगना, मेदनीपुर, हावड़ा, हुगली, बर्धमान, मुंगेर, पटना, बक्सर, गाजीपुर, वाराणसी, मिजार्पुर होते हुए संगम के दूसरे छोर नैनी प्रयागराज 26 मार्च को पहुंचेगी। यहां से कौशाम्बी, फतेहपुर, कानपुर, बुलंदशहर, ऋषिकेश, देवप्रयाग होते हुए वापस प्रयागराज 8 अगस्त 2021 के आसपास पहुंचेंगे।

## हर्ष फायरिंग करने के मामले में लाइसेंसी रायफल के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवाबगंज के लालगोपालगंज दनियालपुर स्थित गेस्ट हाऊस में प्रीतभोज कार्यक्रम में किया गया था हर्ष फायरिंग का है मामला**

**नवाबगंज।** हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया है। जबकि पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने के मामले को संज्ञान में लेते हुए एक महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की थी। जिसमें से पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए प्रयुक्त रायफल को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में खलबली मची हुई है।

बतादें कि थाना नवाबगंज दनियालपुर लालगोपालगंज स्थित एक गेस्ट हाऊस में प्रीतभोज का कार्यक्रम था। बताया जाता है कि आयोजित हुए कार्यक्रम में शामिल हुए विक्रम अग्रवाल उर्फ बंटू पुत्रः कृष्णा अग्रवाल निवासी दनियालपुर लालगोपालगंज थाना नवाबगंज के लाइसेंसी रायफल से पूजा अग्रवाल पत्नी सुगम अग्रवाल उक्त निवासी द्वारा हर्ष फायरिंग किया गया था। जब हर्ष फायरिंग का वीड़ियो सोशल मीड़िया पर वायरल हुआ, तो नवाबगंज की पुलिस हरकत में आते हुए उक्त दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की। मामले के अभियुक्त विक्रम अग्रवाल उर्फ बंटू को पुलिस लाइसेंसी रायफल के साथ गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की है। जबकि हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस को अभी पूजा अग्रवाल की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस टीम में एसआई मुनेंद्र सिंह एवं राम कुमार राम, हे0 का0 विक्रम राम, म0 का0 अल्पना मौजूद रहीं। नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि इलाके में यदि किसी भी स्थान पर हर्ष फायरिंग की गई, तो उनके खिलाफ कठोरत्मक कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों के आंदोलन में साथ है जन अधिकार पार्टी

**खीरी।** केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ व किसान भाइयों के समर्थन में प्रयागराज की सभी तहसीलों में तीनों कृषि विरोधी कानून के विरोध में जन अधिकार पार्टी संकल्प मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा जिला अध्यक्ष सुभाष मौर्य के नेतृत्व में तथा महानगर प्रभारी अरविंद कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, राम बहादुर मौर्य सोरांव, मनोज कुशवाहा सोरांव, स्नेहिल कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष शहर उत्तरी, महानगर अध्यक्ष पूनम कुशवाहा (महिला प्रकोष्ठ), हर्ष कुशवाहा छात्र सभा अध्यक्ष जमुना पार, सत्येंद्र कुशवाहा छात्र सभा अध्यक्ष महानगर प्रयागराज, फूलचंद्र कुशवाहा जिला संरक्षक जमुना पार, राजेंद्र कुशवाहा जिला संरक्षक गंगा पार, अरुण कुशवाहा एडवोकेट मांडा, बृजेश प्रताप सिंह एडवोकेट , शकुंतला कुशवाहा महानगर, अनीता यादव महानगर, अंशुल मौर्य, जयराम यादव, रंजीत यादव, एमपी मौर्य, संदीप कुमार, मयंक मौर्य वा किसान यूनियन के कई साथियों की मौजूदगी में एडीएम प्रयागराज अशोक कुमार कनौजिया के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया' जिला अध्यक्ष सुभाष मौर्य के द्वारा एडीएम प्रयागराज से ज्ञापन के संबंध में अब तक क्या कार्यवाही हुई इस विषय पर बातचीत की गई एडीएम प्रयागराज द्वारा आश्वासन दिया गया कि अगले हफ्ते इस संबंध में अब तक क्या हुआ ।आप सभी जन अधिकार पार्टी के कार्यकताओं को अवगत कराया जाएगा।



ज्ञापन सौंपते पार्टी के कार्यकर्ता

### परिणय सूत्र में पांच जोड़े

**नवाबगंज।** सोमवार को कौड़िहार ब्लाक प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें 5 जोड़ों का विवाह आचार्य सियाराम द्विवेदी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में वर वधू एवं परिवार के लोग सम्मिलित हुए इस अवसर पर प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी कौड़िहार विकास शुक्ल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार पाल, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण संजय सिंह पटेल अजय शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, सुनील सिंह, सूर्य प्रकाश मौर्य, राकेश निर्मल, भाजपा नेता विनोद ओझा, बड़ेलाल उपाध्याय, प्रधान अजय मार्शल, नन्दलाल यादव,रमेश कुमार, दिलीप कुमार, विनोद श्रीवास्तव, कृष्णा पाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस को चकमा देकर धरने में शामिल हुए सपाई

**खीरी।** समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव के आवाहन पर दिल्ली में किसानों के चल रहे अनवरत धरने के संबंध में दिन सोमवार 14 दिसम्बर को सपाइयों ने कोरांव से कचहरी पहुंचकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए तथा अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी जिंदाबाद करते हुए किसानों का समर्थन किया जिसमें चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस ने समाजवादियों को हिरासत में लेकर अस्थाई जेल पुलिस लाइन में गिरफ्तार किए इसके बाद लगभग 5:00 बजे बिना शर्त समाजवादी की चट्टानी ताकत के आगे प्रशासन झुका और सभी साथियों को रिहा किया गिरफ्तारी के दौरान सपा नेता गुलफान खान ने कहा कि पुलिस जिस प्रकार से किसानों के आन्दोलन को लेकर सक्रिय है लेकिन तू डाल डाल मैं पात पात हमारा किसानों के प्रति समर्थन आप दमनकारी नीतियों से नहीं दबा सकते मैं किसानों की लड़ाई लड़ता रहूंगा कोरांव से चलकर मेहताब खान प्रमोद मिश्र प्यासी राजेश पांडे रामदेव निडर राधेश्याम यादव ओमप्रकाश कूशवाहा योझा यादव हरिप्रसाद पाल गुलफान खान के अलावा कई दर्जन समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं नेता आन्दोलन में शामिल हुए।



धरने में शामिल सपाई

## कूड़े से रोशन होगी शहर की 500 स्ट्रीट लाइटें

**प्रयागराज।** घर के किचन से निकलने वाला गीला कूड़ा बेकार नहीं जाएगा। इसे इधर उधर फेंकने के बजाए अगर नगर निगम की कूड़ा गाड़ी के हवाले कर दिया जाए जो इससे बिजली पैदा हो सकेगी। नगर निगम नैनी में ऐसा ही प्लांट लगाने जा रहा है। पंद्रह मिट्रिक टन क्षमता वाले बायोगैस प्लांट में बिजली पैदा की जाएगी। प्लांट से निकलने वाली बिजली से करीब पांच सौ स्ट्रीट लाइट रोशन होगी। प्लांट लगाने पर करीब छह करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम ने तीसरी बार इसके लिए टेंडर जारी किया है। शहर से रोजाना करीब 100 से 150 टन गीला कूड़ा निकलता है। अन्य प्रकार के कूड़ों की तरह ही इसे भी बसवार प्लांट में भेजा जाता है और वहां इसका निस्तारण होता है। अब इस गीले कूड़े को अलग कर इसका इस्तेमाल बिजली पैदा करने में किया जाएगा। नगर निगम ने बायोगैस प्लांट लगाने के लिए नैनी में जगह का चयन किया है। यहां करीब दो बीघा जमीन का इस्तेमाल प्लांट लगाने में होगा। नगर निगम के मुख्य अभियंता सतीश कुमार का कहना है कि पंद्रह मिट्रिक टन की क्षमता का बायो गैस प्लांट लगाया जाना है। नगर निगम लोगों के घरों से गीले कूड़े को इकट्ठा कर बायोगैस प्लांट में पहुंचाएगा।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## एक साथ पांच जोड़ों ने थामा जन्म-जन्मांतर का साथ

**शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन**



वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परिणय सूत्र में बंधते वर-वधू




विवाहित जोड़ो को आर्शीवाद देते हुए

**शंकरगढ़।** यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ परिसर में मंगलवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें पांच जोड़ों का एक साथ विवाह संपन्न करवाया गया।ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी में सरकार की तरफ से सभी जोड़ों को नये जीवन की बधाई देने के साथ सरकार की तरफ से उपहार भी प्रदान किया गया।

एडीओ (पंचायत) ओमप्रकाश पांडेय ने बताया कि ब्लाक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक साथ पांच लोगों की शादी करवाई गई, जिसमें कंचन पुत्री हीरालाल (निवासी शिवराजपुर) की शादी छविलाल पुत्र अमरनाथ (निवासी करमा, करछना) के साथ हुई। इसी तरह रीता पुत्री भाईलाल (निवासी बिहरिया, शंकरगढ़) की शादी संदीप कुमार पुत्र शारदा प्रसाद (निवासी ऊंचडीह, चित्रकूट) के साथ हुई। इसी तरह मीना देवी पुत्री शिवकुशल (निवासी लालापुर) की शादी प्रमोद कुमार पुत्र जिलेदार (निवासी गजापुर, टिकरी, जसरा) के साथ हुई। इसी तरह वंदना पुत्री रामनरेश (निवासी सोनवय, शंकरगढ़) की शादी राजेंद्र कुमार पुत्र नंदलाल (निवासी चौकठा, भारतनगर, शंकरगढ़) और सरोज पुत्री राकेश कुमार (निवासी शेखपुर, रसूलपुर चायल, कौशांबी) की शादी सुशील पुत्र कामता (निवासी हजरतगंज, करारी, कौशांबी) के साथ करवाई गई।

सामूहिक विवाह समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण का पाठ पुरोहित प्रधान पंडित राजनाथ दुबे ने किया। अंत में बीडीओ देवेंद्र कुमार ओझा, एडीओ (पंचायत) ओमप्रकाश पांडेय, एडीओ (आईएसबी) धीरेंद्र कुमार और ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण गजराज सिंह ने सभी को नवजीवन की बधाई दी।एडीओ गजराज सिंह ने बताया कि सभी जोड़ों को सरकार की तरफ से 51 हजार रुपये सहायता प्रदान की गई। इसमें 35-35 हजार रुपये सभी के खाते में, छह-छह हजार रुपये खाने आदि व्यवस्था के खर्च के लिए और दस हजार रुपये का उपहार भी प्रदान किया गया। इसके बाद सभी की गाजे-बाजे के साथ विदाई की गई।

## संक्षेप समाचार

### मंझनपुर डायट मैदान से जिलाध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारियों की पुलिस ने की गिरफ्तारी

**कौशाम्बी।** एमएसपी कानून को लेकर आंदोलित किसानों के समर्थन में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सोमवार को पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। इसे लेकर पुलिस से उनकी नोक झोंक भी हुई। वहीं मुख्यालय मंझनपुर स्थित डायट मैदान में धरना प्रदर्शन कीअगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारियों की पुलिस ने गिरफ्तारी की। सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कौशाम्बी जिले के जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव की अगुवाई में तमामं सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता डायट मैदान पहुंचे। उधर सपा के इस धरना प्रदर्शन को लेकर जिले की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई थी। जिले के प्रमुख चौराहों व रास्तों पर पुलिस का कड़ा पहरा था। बावजूद इसके तमाम पदाधिकारी मंझनपुर पहुंच गए थे। डायट मैदान में सपाइयों की पहुंचने की सूचना मिलते ही सदर सीओ केजी सिंह सहित सदर कोतवाल मनीष कुमार पांडेय भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गये। प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को रोकने पर पदाधिकारियों व पुलिस से धक्का मुक्की भी हुई।

# बोलेरो अनियन्त्रित होकर पेड़ से टकराई, सिपाही समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत

## बोलेरो को काट कर निकाले गए शव, रात के दूसरे पहर मे घटित हुई घटना

**प्रतापगढ़ कंधई।** जिले के कंधई कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को भोर में लगभग साढ़े तीन बजे विवाह के कार्यक्रम से लौट रहे सिपाही सहित पांच लोगों की एक सडक दुर्घटना में मौत हो गई। प्रतापगढ़ की इस सडक दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने पीड़ितों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। घटना उस समय हुई जब कंधई कोतवाली क्षेत्र के पिपरी खालसा मोड़ पर एक बेकाबू बोलेरो पेड़ से जा टकरायी, जिससे उसके परखच्चे उड़ गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसमें सवार एक गांव के पांच लोगों की मौत हो गयी। सभी एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे में मऊ में तैनात 2013 बैच के सिपाही संदीप यादव (28), राहुल यादव (22), अखिलेश यादव (19), पप्पू यादव (32), राजेश यादव (25) सभी प्रतापगढ़ नगर कोतवाली के खजोहरी गांव के थे जिनकी मौत हो गयी। मृतक सिपाही मऊ जिले में तैनात था। हादसे की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य घटनास्थल पर पहुंचे, सभी के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सिपाही संदीप यादव की रविवार की दिन में सगाई हुई थी, जिसके बाद वे एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने परिवार के चार लोगों के साथ पट्टी के कुंदनपुर गया था। जहां से बारात में शामिल होने के बाद सिपाही संदीप यादव, राहुल, अखिलेश, पप्पू, एक और शख्स वापस नगर कोतवाली खजोहरी अपने घर जा रहा था, इसी बीच






अनियंत्रित बोलेरो पेड से टकराने के बाद हुई क्षतिग्रस्त

कंधई कोतवाली के खालसा पिपरी के पास बोलेरो बेकाबू होकर सडक के किनारे एक पेड़ से टकरा गयी। हादसे में बोलोरो पर सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में मानों पहाड़ टूट पड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो को काटकर लोगों को निकाला गया।



दुर्घटना के बाद इस तरह चकनाचूर बोलेरो

### घटना के बाद मातम मे बदली खुशियां

**प्रतापगढ़।** रविवार भोर मे हुए दुर्घटना मे सिपाही समेत पांच लोगों के मौत ने सभी को झकझोरकर रख दिया, जिसने भी एक साथ पांच शव को देखा उसकी आँखें भर आईं । घटना की सूचना जैसे ही घरवालों सहित गांव वालों को मिली विवाह की खुशियां मातम मे बदल गयी, हर तरफ चीख पुकार व रोने के करूण क्रन्दन से लोगों के आसूं थमने के नाम नही ले रहे थे । घर से हंसी - खुशी के साथ घर से निकले लोगों के शव गांव मे पहुँचते ही पूरे गांव मे मातम सा पसर गया, कल तक गांव मे जहां खुशियों के गीत - संगीत सुनाई दे रहे थे वहीं पर लोगों के चीख पुकार सुनकर उनकी आखें नम हो रही थी।

## चुनावी समीकरण बिगाड़ने का काम करेगी राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी

**कौशाम्बी।** प्रजापति एकता मंच की बैठक कौशांबी में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे जय सिंह प्रजापति और मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग वित्त एवं विकास निगम व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी डॉक्टर महेश चंद्र प्रजापति ने कहा कि आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा बसपा और भाजपा के चुनावी समीकरण बिगाड़ने का काम राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी करेगी प्रजापति ने बताया कि पूर्वांचल में कोई ऐसी विधानसभा नहीं है जिसमें प्रजापति समाज को 20000 से लेकर 35000 तक कहीं-कहीं 45000 से लेकर 70000 तक प्रजापति की आबादी है लेकिन आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी देने का कार्य नहीं किया जाता है जिस प्रकार पिछड़े दलित अल्पसंख्यक के साथ समाज एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहा है वही मजबूती आगामी 2022 के चुनाव में भाजपा को धूल चटाने का कार्य करेगा हर पार्टियां जाति आधार पर टिकट देने का कार्य करती है और जाति आधार पर मंत्री बनाने का कार्य करती है तो क्यों ना पिछड़े दलित समाज के लोगों को एकजुट होकर अपनी लड़ाई स्वयं क्यों ना लड़ी जाए जिससे हम सबको हिस्सेदारी सदन के उस मंदिर में हो सके जहां से देश की व्यवस्था चलती है भाजपा पर हमला बोलते हुए श्री प्रजापति ने कहा कि बीजेपी भारतीय जनता पार्टी है क्योंकि इनको कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है इसका राष्ट्रवाद कहता है कि हम जात की राजनीति नहीं करते हैं लेकिन प्रजापति सम्मेलन पाल सम्मेलन विश्वकर्मा सम्मेलन विन्द सम्मेलन इन तमाम सम्मेलनों से भाजपा जातिवाद को बढ़ाने का कार्य करती है बीजेपी किस राष्ट्रवाद की बात करती है इनका राष्ट्रवाद रामराज्य की बात करता है राम राज्य में हर जाति का कार्य बांटा गया था कुम्हार मिट्टी का बर्तन बनाएगा विश्वकर्मा छेनी हथोड़ा रखोली लेकर दरवाजा और खिड़की बनाएगा पाल भेड़ी चलाएगा इसी क्रम में सुभासपा जिलाध्यक्ष एवं प्रजापति एकता मंच के मीडिया प्रभारी भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी वा राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी पी एवं प्रजापति एकता ग्रुप किसानों के समर्थन में पूरे उत्तर प्रदेश में खड़ी है अभी हाल में ही भारत बंद अभियान में पार्टी एवं संगठन के कार्यकताओं ने किसानों के समर्थन में उत्तर प्रदेश के हर जिले में प्रदर्शन करने का कार्य किया इस सम्मेलन में जय सिंह प्रजापति मंच का संचालन डॉक्टर हेमंत प्रजापति ने किया इस सम्मेलन में डॉक्टर बी एन प्रजापति चंद्रिका प्रसाद प्रजापति हिमांशु सिंह बेनी प्रसाद प्रजापति भागवत प्रजापति मुरली मनोहर प्रजापति सुरेश कुमार प्रजापति बेनी प्रसाद प्रजापति करन सिंह प्रजापति मिथुन चक्रवर्ती बिहारी लाल प्रजापति भूपेंद्र प्रजापति राम सिंह प्रजापति एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## किसानों के सुख के घाती सब दलाल पीट रहे छाती : बाबा

**कौशाम्बी।** किसान आंदोलन को लेकर बाबा राजेंद्र तिवारी ने कहा कि हम भी किसान हैं हमारे बाबा भी किसान थे पिता जी भी किसान थे और उनकी संतान हम भी किसान हैं और हमारे लडके भी किसान ही हैं-कोई सर्विस वाले नहीं है- आज किसान मोदीज योगीराज में अपना अधिकार पाकर किसान खुशहाल है-लेकिन देख न जाय पराय विभूती-वाली गोस्वामी तुलसीदास जी रचित राम चरित मानस की चौपाई को चरितार्थ कर रहे है हैं यह किसान के रूप में छाती पीटने वाले-हम सब किसान खुश हैं और किसान सम्मान निधि देने वाली देश की सरकार को अच्छा किसान आज दुआ कर रहा है-मंडी दलालों को मोदी जी ने खतम कर दिया जो कोमा में छटपटा रहे और अंतिम सास ले रहें है आज हम अपना खेती-बारी का उत्पाद चाहे कौशांबी में बेचे चाहे बनारस में चाहे लखनऊ बाम्बे में बेचे हमें कोई रोक टोक टेक्स टोल नहीं ले पायेगा जो किसानों का सम्मान हैं ।परन्तु अपनी मंडी बंद होते देख किसान के भेष में बहुरूपिये देश भर में उथल पुथल कर रहे हैं-और वास्तविक किसान अपने खेतों पर मटर आलू गेहूं आदि फसलों की देख रेख में हैं किसानों के अच्छे दिन अब कोई नहीं छीन सकता सिर्फ योगी मोदी की उम्र भगवान लंबी रखें ताकि देश प्रदेश से आतंकवाद का अंत हो सके हम सब किसान खुश हैं हमारा कोई अंदोलन नहीं हैं तथा यदा कदा बहके अपने छोटे किसानों से प्रार्थना करता हूँ कि समय रह्ते चेत जाओ राज नैतिक न बनो और बनो भी तो हमेशा याद रहें कि सबसे पहले हम किसान हैं फिर नेता -यह उद्गार आज अपने पाँचवे दिंन के लोक कल्याण हेतु मौन व्रत धारण पर राजेन्द्र तिवारी बाबा ने अपने किसान होने के दर्द को लिख डाला अगर ठीक लगें तो ठीक है नहीं तो भी ठीक ही है।

## अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहा विकास भवन का पार्क

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन के सामने सौंदर्यीकरण को लेकर भारी भरकम धनराशि खर्च कर पार्क का निर्माण कराया गया था विकास भवन परिसर के आसपास प्रकाश की व्यवस्था को लेकर खंबे में लाइट की गई थी इन दोनों कार्यों में सरकारी खजाने से लाखों की रकम खर्च कर दिया लेकिन विकास भवन के बाहर लगे बिजली के खम्भे से आम जनता को कभी भी प्रकाश नहीं मिल सका विकास भवन परिसर में वर्षों से अंधेरे में रहता है जिम्मेदारों ने घटिया क्वालिटी के विद्युत उपकरण सप्लाई करने वाले कारदायी संस्थाओं की नकेल भी नहीं कसी है इसके पीछे तत्कालीन अधिकारियों की कमीशन खोरी की बात उभर कर आ रही है वही विकास भवन परिसर के बाहर बने पार्क की स्थिति यह है कि इसकी साफ-सफाई कभी नहीं की जाती है पूरा पार्क गंदगी से जूझ रहा है पार्क के अंदर की घास सूख गई हैं और जंगली घास ने पार्क में कब्जा कर




लाखों खर्च के बाद विकास भवन का पार्क बना शोपीस

लिया है पार्क की देखरेख में लगे कर्मचारियों ने पार्क में ताला बंद कर लिया है जिससे विकास भवन आने वाले फरियादी पार्क के अंदर नहीं पहुंच सकते हैं आखिर जब आम जनता को पार्क के प्रवेश पर रोक रोकना ही था तो पार्क बनाने की आवश्यकता ही क्या थी और जब विकास भवन परिसर को अंधेरे में ही रखना था तो विद्युतीकरण के आड़ में लाखों खर्च करने की जिम्मेदारों को क्या जरूरत थी यह तमाम सवाल लोगों के दिमाग में कौंध रहे हैं विकास भवन पार्क और विद्युतीकरण के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा लाखों खर्च किए जाने के मामले की यदि जांच कराई गई तो उनका निजी स्वार्थ जरूर उजागर होगा।

## खादी डिजाइनर काउन्सिल ऑफ इंडिया की भारत में अनोखी पहल : दीपशिखा पाण्डेय

**प्रतापगढ़।** जब पूरा देश कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा है तब खादी डिजाइनर काउन्सिल ऑफ इंडिया परिवार ने अपने प्रण को पूरा करते हुए देश के युवायों में ही नहीं बल्कि किशोरों में भी खादी के प्रति रुचि जगाने के लिए एक अनूठे अभियान का प्रारम्भ किया है जिसके अंतर्गत सप्ताह के अंत में काउन्सिल के विशेषज्ञों और अति प्रशिक्षित डिजाइनर द्वारा 11-17 वर्ष की उम्र तक के किशोरों को मुफ्त में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बचपन से ही किशोरों को खादी के कपड़ों का उपयोग करके उनपर पैंटिंग्स, डिजाइनिंग, स्टाइलिंग और विभिन्न प्रकार की आधुनिक डिजाइनिंग तकनीकियों का प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश में दिया जा रहा है। जिसकी जानकारी खादी डिजाइन काउन्सिल ओफ इंडिया की डिजाइनर परियोजना कार्यकारी दीपशिखा पाण्डेय ने



दीपशिखा पाण्डेय।

एक प्रेस वार्ता में दी। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ह्लखादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशनह्व से प्रभावित देश की सर्व श्रेष्ठ संस्था खादी डिजाइन काउन्सिल ऑफ इंडिया जिसमें हजारों डिजाइनर्ज सामूहिक रूप से देश में खादी को आधुनिक डिजाइनर वस्त्रों के रूप में प्रस्तुत करने हेतु तत्पर हैं । काउन्सिल द्वारा प्रदेश के डिजाइनरो को खादी पर कार्य करने हेतु विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अबतक प्रदेश के हजारों युवायों में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्व-रोजगार की तरफ कदम बढ़ाया है। ज्ञात हो की इस अभियान का प्रारम्भ हाल में ही उत्तर प्रदेश के खादी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के द्वारा किया गया था। काउन्सिल की डिजाइनर दीपशिखा पांडे ने बताया के वर्ष 2021 खादी के अंतर्गत 2 लाख से अधिक युवायों को खादी डिजाइनिंग में स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए काउन्सिल अपना सहयोग प्रदान करेगी जिसके लिए विश्व का सर्व-प्रथम ऑनलाइन पैनल का निर्माण किया जा चुका है।

## एक साथ तीन वाहनों की टक्कर,एक लोग घायल

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग तेलियरगंज राजगढ़ के समीप सोमवार की दोपहर तीन वाहनों में एक साथ हुई टक्कर।जिसमें टेंपो में एक सवार घायल हो गया अन्य बाल-बाल बच गए।टक्कर में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। तीनों वाहन प्रतापगढ़ की ओर जा ही रहे थे उसी बीच तेलियरगंज में टेंपो सवारी उतार कर जैसे आगे बढ़ी तभी तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने टेंपो के पीछे लगी अल्टो में मारी टक्कर फिर अल्टो जा टेंपो से टकराई।टक्कर में टेंपो मौके पर पलट गई।सूचना पर पहुंचे भुपियामऊ चैकी इंचार्ज पुष्पराज सिंह अपने हमराही विजय चैहान,विजय बघेल व पुष्पराज सिंह के साथ!अर्टिका कार चालक शुभम सिंह निवासी प्रयागराज और अल्टो कार चालक विपिन कुमार सिंह निवासी देल्हूपुर मांधाता व टेंपो चालक हरिश्चंद्र निवासी खरवाई मांधाता को भुपियामऊ चैकी ले गए।तहरीर प्राप्त होते ही विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## किसान समाज पार्टी एस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अपने निज आवास पर किया एक दिवसीय अनशन

**प्रतापगढ़।** किसान देश का अन्नदाता है देश का किसान अपने हक के लिए विगत कई दिनों से सर्दी की मार झेलते हुए सड़कों पर है बावजूद इसके सरकार उनके समस्या के लिए कोई ठोस कदम नही उठा रही है ।किसानों के साथ इस प्रकार का रवैया यह निन्दनीय है जिस प्रकार से सरकार किसान बिल लाकर किसानों के लिए मुसीबतों का जंजाल खड़ा कर दिया है यह देश के किसानों के लिए हितकर नही है इस लिए किसान बिल को सरकार या तो वापस ले या फिर उसमें आवश्यक संशोधन कर किसान हित मे करे जिससे किसानों को राहत मिल सके उक्त बातें किसान समाज पार्टी एस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रभारी 2020 प्रभात मिश्र ने अपने आवास पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कही । बता दें कि विगत कुछ दिनों पूर्व पार्टी प्रवक्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए



एक दिवसीय अनशन पर बैठे राष्ट्रीय प्रवक्ता।

कहा था कि यदि सरकार जल्द नए किसान बिल मे संशोधन नही करती है तो हम अनशन करने को बाध्य होगें । सरकार व किसानों के बीच कई बार हुए वार्ता के बाद भी समस्या का निराकरण न होने से नाराज प्रभात मिश्र ने सोमवार को नए कृषि कानून को वापस लेने अथवा बिल मे संशोधन किए जाने को लेकर अखैवरपुर, कुन्डा स्थित अपने निज आवास पर एक दिवसीय अनशन करते हुए सरकार से किसान हित हेतु बिल मे संशोधन करने के लिए मांग किया ।

## अब हर दिन होगी धान खरीद की समीक्षा

**प्रतापगढ़।** अब हर दिन शाम को धान खरीद की क्रय केन्द्रवार समीक्षा एडीएम व जिला विपणन अधिकारी करेंगे। समीक्षा के बाद रिपोर्ट डीएम कैम्प कार्यालय को भी उपलब्ध कराएंगे। निर्धारित मानक से कम खरीद करने वाले केन्द्र प्रभारी के खिलाफ उसी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई तय की जाएगी। जिलेभर के क्रय केन्द्र प्रभारियों की लगातार शिकायतें मिलने के बाद डीएम डॉ. रूपेश कुमार ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने जिला धान खरीद अधिकारीध्एडीएम शत्रोहन वैश्य व जिला विपणन अधिकारी अजीत कुमार त्रिपाठी को प्रत्येक दिन की गई खरीद की समीक्षा क्रयकेन्द्रवार करने का निर्देश दिया है। समीक्षा के बाद केन्द्रवार रिपोर्ट अफसर डीएम कैम्प कार्यालय पर जमा करेंगे। दरअसल, किसान केन्द्र प्रभारी के गायब रहने, टोकन देने के बाद भी धान की तौल नहीं कराने व बेवजह किसानों को टालने की शिकायत कर रहे हैं। इसकी पुष्टि करने के लिए डीएम स्वयं कई क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर चुके हैं। और कहा कि धान की तौल कराए लौटने वाले किसान की शिकायत पर केन्द्र प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चाचा ने नेता के साथ मिलकर बालिका के साथ किया दुस्कर्म

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के एक चर्चित नेता पर बालिका ने सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाया है बालिका ने पुलिस अधिकारियों को तहरीर देकर नेता उसके अंगरक्षक और अपने चाचा पर ब्लात्कार का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। बालिका करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है और यह नेता जी भी करारी क्षेत्र के रहने वाले हैं इसके पहले भी नेता पर कई बार बलात्कार का गम्भीर आरोप लग चुका है कुछ मामले में इनके बिरुद्ध मुकदमा भी दर्ज हो चुका है तमाम गंभीर अपराध के मामले पुलिस अभिलेखों में इस चर्चित नेता पर दर्ज हैं।

बालिका की तहरीर के मुताबिक बीते दो वर्षों से उसके चाचा एक नेता जी और उनके अंगरक्षक उसके साथ जबरिया बलात्कार कर रहे हैं बालिका का कहना है कि कई बार इलाहाबाद के होटल में भी तीनों ने सामूहिक रूप से उसके साथ बलात्कार किया है पुलिस अधिकारियों ने नेता के विरुद्ध दी गई तहरीर पर जांच शुरू करा दी है नेता के अपराधिक इतिहास की चर्चा लगातार होती रहती है और इसके पहले भी नेता पर कई मामले पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है लेकिन दबंग नेता के तमाम आपराधिक इतिहास प्रभाव के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं अब इस बार नेता के ऊपर लगे बलात्कार के आरोप के मामले में बालिका को न्याय मिलता है या फिर पूर्व की भांति यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला जाता है।

## जब पनाह मांगने गई तो दी थर्ड डिग्री की यातना

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र की एक महिला पर पुलिस की थर्ड डिग्री की यातना भी पनाह मांग गई है पुलिस ने महिला को लाठियों से बेरहमी से पीटा है चरवा थाने की जल्लाद बनी पुलिस ने ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचार को पीछे धकेलते हुए बेकसूर महिला पर लाठियां बरसाई है पुलिस की लाठी बरसाए जाने के मामले को दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अफसरों ने जल्लाद उपनिरीक्षक पर अभी तक कार्यवाही नहीं की है। इसके पहले भाजपा नेता पर भी चरवा थाने में थर्ड डिग्री प्रयोग किया गया था इस मामले में भी चरवा पुलिस के उपनिरीक्षक पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है पीड़ित महिला ने अपने शरीर के चोट के निशान को दिखाते हुए आरोपी उपनिरीक्षक पर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के गढ़वा उदाथु गांव की रेखा कुमारी के घर चरवा थाने के उपनिरीक्षक सिपाहियों के साथ पहुंचे और उसके मामा के बारे में जानकारी



जल्लाद पुलिसकर्मियों की शिकायत करती महिला

मांग रहे थे बताते हैं कि मामा ने पुलिस के खिलाफ अदालत में एक वाद दाखिल कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है जब महिला ने कहा कि वह मामा कहा है वह नही जानती तो पुलिस वाले उस महिला को गाली गलौज करने लगे जब महिला ने पुलिस की गाली का विरोध किया तो चरवा थाने के उपनिरीक्षक जल्लाद बन गए और महिला को बेरहमी से लाठियों से पीट दिया है पुलिस ने महिला की पिटाई में इस कदर थर्ड डिग्री इस्तेमाल किया है कि लोगों की रूह कांप गई पुलिस की पिटाई के बाद घायल महिला के उन अंगों में भी लाठियों के निशान हैं जिन अंगों को महिलाएं समाज के सामने दिखाने में शर्म महसूस करती हैं एक तरफ पुलिस अधिकारी अधीनस्थों को यह पाठ पढ़ा रहे हैं कि वह आम जनता के बीच मधुर संबंध बनाएं दूसरी तरफ अधीनस्थ पुलिस जन जुल्म ज्यादती अत्याचार की सारी हदें पार कर रहे हैं और जांच के नाम पर इन जल्लाद पुलिस कर्मियों को जांच अधिकारी बचा रहे हैं। ऐसे स्थिति में योगी सरकार की आम जनता के बीच छवि क्या रह जाएगी यह गंभीर चिंतन का विषय है और महिला पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल करने वाले उपनिरीक्षक के कारनामों पर आला अधिकारियों को तत्काल कठोर निर्णय लेना होगा वरना आने वाले दिनों में जनता इसका हिसाब योगी सरकार से मांगेगी और पुलिस के जुल्म ज्यादती अत्याचार का खामियाजा योगी सरकार को भुगतना पड़ेगा।

## दबंग भतीजा दे रहा है जान से मारने की धमकी, आरोप

**प्रतापगढ़।** दबंग की दबंगई से पीड़ित परिवार परेशान पुलिस द्वारा नहीं मिल पा रहा न्याय और दबंग भतीजा दे रहा है जान से मारने की धमकी पीड़ित परिवार सहमा हुआ है और इसकी लिखित शिकायत जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ से न्याय की गुहार लगाया है । मामला कोहंडौर थाना क्षेत्र के मदूरा रानीगंज गांव का है जहां कोहंडौर थाना क्षेत्र के मदूरा रानीगंज गांव निवासी काली सहाय का लड़का राज तिवारी सोलह नवम्बर को किसी कार्य वर्ष खेत की तरफ जा रहा था कि पहले से घात लगाए बैठे दबंग बड़े पापा का लड़का सुशील तिवारी उसे रोककर मारने पीटने लगा और गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह देख आसपास के लोगों ने किसी तरह उसकी जान बचाई। राज तिवारी घर आकर घटना की जानकारी अपने पिता को दी जानकारी मिलने पर पिता ने जब घर पर उलाहना लेकर गया तो दबंग भतीजे ने चाचा के ऊपर टूट पडा और आरोप है कि उसे मारने - पीटने लगे । आरोप है कि दबंगों के पिटाई में काली सहाय का पैर टूट गया और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। लोगों के बीच बचाव के बाद किसी तरह उसकी जान बच सकी ।पीड़ित ने इसकी सूचना डायल एक सौ बारह पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर भिजवाया जहां पर घायल का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था ।पैर टूटने के वजह से घायल के पैर का ऑपरेशन कराना पड़ा । मामले मे पीड़ित ने नामजद तहरीर देते हुए कोहंडौर पुलिस से न्याय की गुहार लगाया था जिसमें पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन आज तक दबंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की ।